वाक्य तथा वाक्यों के भेद

● बहुविकल्पीय प्रश्न [प्रश्नमान-1]

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पो का चयन कीजिए :

1. 'अपने हाथों झटका करेंगे और पेट भर खा कर सो रहेंगे'—वाक्य है
(क) सरल (ख) मिश्र
(ग) संयुक्त (घ) निषेधात्मक

2. 'सर विलियम जोन्स संस्कृत के एक उत्कृष्ट विद्वान थे'—इस वाक्य में उद्देश्य है
(क) उत्कृष्ट (ख) विद्वान
(ग) सर विलियम जोन्स (घ) संस्कृत

3. 'आपने परिश्रम तो बहुत किया किन्तु सफलता नहीं मिली।'—वाक्य भेद का उदाहरण है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) विग्रह (घ) विच्छेद

4. 'मैंने वही मकान खरीदा है जो आपका है'—यह वाक्य है
(क) सरल (ख) मिश्र
(ग) संयुक्त (घ) इनमें से कोई नहीं

5. 'परिश्रमी छात्र अवश्य सफल होंगे'—वाक्य है
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

6. छात्र पढ़ते हैं और अध्यापक उन्हें देखते हैं—यह कैसा वाक्य है?
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य (घ) प्रश्नवाचक वाक्य

7. 'बादल घिरे और मयूर नाचने लगे।'—प्रस्तुत वाक्य कैसा वाक्य है?
(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) प्रश्नवाचक वाक्य

8. 'राम ने लंका के राजा रावण को वाण से मारा।'—प्रस्तुत वाक्य में उद्देश्य कौन सा शब्द है?
(क) रावण को (ख) वाण से
(ग) राम ने (घ) इनमें से कोई नहीं

9. 'सीता लिखकर ही उठेगी'—इस वाक्य में उद्देश्य है [मा. प. ...]
(क) लिखकर (ख) उठेगी
(ग) ही (घ) सीता

10. निम्नलिखित में से इच्छावाचक वाक्य चुनकर लिखिए [मा. प. ...]
(क) आप जा सकते हैं
(ख) आपकी यात्रा मंगलमय हो
(ग) अरे! तुम आ गए
(घ) क्या तुम पढ़ोगे?

● अति लघूत्तरीय प्रश्न [प्रश्नमान-1]

1. वाक्य किसे कहते है?
2. उद्देश्य किसे कहते है?
3. विधेय किसे कहते है?
4. प्रस्तुत वाक्य में उद्देश्य और विधेय बताइये : हम पाठशाला की ओर जायेंगें।
5. 'स्वामी दयानंद ने वेदों का भाष्य किया।'—यह किस प्रकार का वाक्य है?
6. 'राम और सीता वन को जा रही है।'—वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।
7. प्रेम ने उसका काम नहीं किया। (संदेहवाचक वाक्य बनाइये)
8. रमेश ने पत्र लिखा है। (प्रश्नवाचक वाक्य बनाइये)
9. श्वेता गीत गा रहे है। (विस्मयवाचक वाक्य में बदलिये)
10. अरे! श्याम विद्यालय जायेगा। (निषेधवाचक वाक्य बनाइये)
11. उसने कोई उपाय नहीं छोड़ा। (विधानवाचक वाक्य बनाइये)
12. सुधीर पढ़ने जायेगा। (आज्ञावाचक वाक्य बनाइये)
13. वह मुझसे कहता है कि जाओ। (सरल वाक्य में बदलिये)
14. सूर्योदय हुआ और हम घर पहुँच गये। (मिश्र वाक्य बनाइये)
15. तुम इसलिए महान हो, क्योंकि सच बोलते हो। (संयुक्त वाक्य बनाइये)